पीपुल्स समाचार www.peoplessamachar.in

सिटीएक्टिविटी

दंत परीक्षण शिविर में 100 बच्चों की जांच

भोपाल। सोसाइटी ऑफ एमटैग फॉर साइबर एथिक्स द्वारा ओरा मैक्स डेंटल केयर क्लीनिक के सहयोग से रोहित नगर स्थित किड्जी स्कूल में शुक्रवार को निःशुल्क दंत परीक्षण-सह-जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 100 बच्चों की जांच हुई, साथ ही विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों को दातों के स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। एमटैग ने शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों को मुफ्त डेंटल किट प्रदान की। शिविर में एमटैग की ओर से अध्यक्ष अक्षय बाजपेयी मौजूद थे।

कलचुरी समाज ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

भोपाल। राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान डॉ. अर्चना जायसवाल ने महेश्वर में कलचुरी वंश के आराध्य देव सहस्त्रार्जुन महाराज की प्रतिमा लगाने, कलचुरी भवन बनाने और अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर सीएम ने आश्वासन दिया कि मांग को शीघ्र ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे ने 3 और 4 अगस्त को राजधानी में होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया।

अपेक्स बैंक मुख्यालय में प्रशिक्षण संपन्न

भोपाल। सहकारिता विभाग, मप्र शासन एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मप्र में गठित कृषक उत्पादक संगठनों के लिए अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सहकारिता, मप्र शासन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें सहकारी कृषक उत्पादक संगठनों को मनोज गुप्ता, प्रबंध संचालक, अपेक्स बैंक, मनोज सिन्हा, उप सचिव, सहकारिता मप्र शासन सहित अन्य ने मार्गदर्शन दिया।

65 शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ रवाना

भोपाल। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के नेतृत्व में शुक्रवार को भोपाल से 65 शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 65 शिव भक्तों का 15वां जत्था मालवा एक्सप्रेस से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सभी भक्तों को फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी गई।

प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिला

भोपाल। भोपाल तमिल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 29 में से 29 सीट जीतने पर बधाई देते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि मप्र में तमिल समाज के लोग चार पीढ़ी से निवासरत हैं, वे बिना शर्त के पार्टी को लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम चुनाव में विजय दिलाने मतदान करते आ रहे हैं, किंतु समाज को भाजपा द्वारा महत्व नहीं दिया गया, इसलिए उन्हें सत्ता व संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्रदान करें।

IFFDC
Preserving Nature . Nurturing Lives
इण्डीयन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को-ऑपरेटीव लि.
एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार,
बागमुगालिया, पानी की टंकी के पास,
भोपाल (म.प्र.)

दिनांक : 18.07.2024

निविदा सूचना

आई.एफ.एफ.डी.सी. म.प्र. के अन्तर्गत बीज विपणन कार्यक्रम के तहत् बीज सयंत्र खामोद जिला जबलपुर, सिरोंज जिला विदिशा एवं भोमा जिला सिवनी से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से वर्ष 2024-25 के दौरान गेहूँ बीज का परिवहन कार्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की सेवा सहकारी समितियों एवं आई.एफ.एफ.डी.सी. कृषक सेवा केन्द्रों पर किया जाना है। आई.एफ.एफ.डी.सी. परिवहन कार्य करने हेतु परिवहनकर्ताओं से मोहर बंद निविदाएँ आमंत्रित करती है निविदा फार्म आई.एफ.एफ.डी.सी. कार्यालय, एच. आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, भोपाल, (म.प्र.) से कार्यालयीन दिवस में दिनांक 11.08.2024 शाम 05 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म, धरोहर राशि के ड्रिमांड ड्राफ्ट के साथ आई.एफ.एफ.डी. सी. कार्यालय, भोपाल में दिनांक 12.08.2024 समय दोपहर 12.00 तक जमा की जा सकती है। दिनांक 12.08.2024 को दोपहर 1.00 बजे भोपाल कार्यालय में टेक्नीकल बिड्स खोली जायेगी तथा मानक पार्टियों की प्राइस बिड्स दिनांक 12.08.2024 को सायं 02 बजे पार्टियों के समक्ष खोली जायेगी। आई.एफ.एफ.डी.सी. के पास निविदा/निविदाओं को अस्वीकार/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

परियोजना प्रबंधक

प्रारूप-दस (नियम 7 देखिये)
न्यायालय तहसीलदार, वृत्त 1
तहसील शहर वृत्त, जिला भोपाल म.प्र.
(Chandra Kumar Tamrkar)
तहसील -शहर वृत भोपाल जिला- भोपाल
जावक क्रमांक : मामला क्रमांक 0123/अ-6/2024-25

:: सार्वजनिक सूचना::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 26.07.2024 को 11 बजे स्थान शहर वृत भोपाल में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

:: अनुसूची ::

पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक : शहर भोपाल, ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम : 282 भोपाल, सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भूखण्ड क्रमांक : 747/4/1, क्षेत्रफल (हेक्टेयर/ वर्गमीटर में) : 0.020, विद्यमान भू-अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का विवरण : नाम इकराम खां पिता सईद उल्ला खां, हिस्सा, उस व्यक्ति /व्यक्तियों का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है : सलमान खान पिता इरफान उल्ला खान। आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

चंद्रकुमार ताम्रकार
न्यायालय तहसीलदार
तहसील शहर वृत्त जिला भोपाल

पांच मेडिकल कॉलेजों में बायोकेमिस्ट्री विभाग में की गई भर्ती निरस्त, बदले गए थे नियम

पीपुल्स समाचार ने उठाया था मुद्दा, अब नए सिरे से होगी भर्ती प्रक्रिया

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827363130

प्रदेश का चिकित्सा शिक्षा विभाग अक्सर अपने विवादों के लिए सुर्खियों में रहता है। नया मामला प्रदेश के 5 नए मेडिकल कॉलेजों में बायोकेमिस्ट्री विभाग के लिए की गई प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती से जुड़ा है। राज्य सरकार ने गड़बड़ी की आशंका के चलते इन भर्तियों को निरस्त कर दिया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन कॉलेजों में बायोकेमिस्ट्री में प्रोफेसर के 5 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 5 पद और असिस्टेंट प्रोफेसर के 12 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया था।

233 पदों पर सीधी भर्ती में गड़बड़ी, चिकित्सा शिक्षा विभाग कर रहा जांच

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों की भर्ती में घपला, खास लोगों के लिए बदले NMC के नियम

पीपुल्स समाचार ने छापी थी खबर।

पीपुल्स समाचार इंपैक्ट

हालांकि इस प्रक्रिया पर अपने खास लोगों को फायदा पहुंचाने का मामला सामने आया था। इस गड़बड़ी को पीपुल्स समाचार ने ही उजागर किया था। हालांकि मामला सामने आने और जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद भर्तियों को निरस्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन की वेबसाइट के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में नॉन क्लीनिकल विषयों में कुल पदों के सिर्फ 15 फीसदी नॉन मेडिको की भर्ती का नियम है, लेकिन अधिकारियों ने बायोकेमेस्ट्री विभाग के खाली पदों के विज्ञापन में 15 फीसदी को बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया। यही नहीं गड़बड़ी किसी के पकड़ में न आए, इसके लिए सिर्फ 25 फीसदी ही भर्ती की। छह कॉलेजों के बायोकेमिस्ट्री विभाग में 12 पदों पर विज्ञापन जारी किया गया था। 15 फीसदी के नियमानुसार इन पदों में से सिर्फ दो पदों को नॉन मेडिको से भरा जाना था, लेकिन अधिकारियों 6 पदों पर भर्तियां कर लीं। हालांकि मामला सामने आने पर बायोकेमिस्ट्री के परिणामों को रोक दिया गया है।

एनएमसी के जवाब पर हुई कार्रवाई

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस मामले में एनएमसी से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद एनएमसी ने इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग को अपना जवाब दे दिया है। एनएमसी ने चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिए जवाब में कहा कि 15 प्रतिशत पदों पर ही भर्ती की जानी चाहिए। इसके चलते राज्य सरकार ने बायोकेमिस्ट्री के पदों पर की गई भर्ती को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

> फिलहाल इन भर्तियों पर रोक लगाई गई है। अब इस मामले में नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
>
> **डॉ. एके श्रीवास्तव**, संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग

कॉर्पोरेट घरानों से कर्जों की वसूली से बचेंगे बैंक

बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर हुई संकल्प सभा

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425493055

संकल्प सभा
19 जुलाई 2024 बैंक राष्ट्रीयकरण की 55वीं वर्षगांठ
मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन, भोपाल

बैंकों के राष्ट्रीयकरण की 55वीं वर्षगांठ पर ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन ने कहा है कि कॉर्पोरेट घरानों से बैंक कर्जों की वसूली की जाए। इसके साथ ही वित्तीय स्थिति मजबूत की जाए, ताकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बचाया जा सके। बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर बैंक कर्मियों की शुक्रवार को संकल्प सभा हुई, जिसको एसोसिएशन के अलावा विभिन्न बैंकों की ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों वीरेंद्र कुमार शर्मा, अर्जुन काकोड़िया, गुणशेखरन, वीएस रावत, जेपी दुबे, देवेंद्र खरे, विशाल धमीजा, किशन खेराजानी, सत्येंद्र चौरसिया, राम चौरसिया, शिवानी शर्मा, अमित गुप्ता, अमोल अचवाल, वैभव गुप्ता, कैलाश माखीजानी, अनिल गढ़वाल, अमित प्रजापति, मनोज चतुर्वेदी, के वासुदेव सिंह, जीडी पाराशर, बीपी गौर, रमेश सिंह, रामकुमार साहू, अनुपम त्रिवेदी, वीके कोठारी और आनंद गोखले आदि ने संबोधित किया। इन्होंने कहा कि 1969 में राष्ट्रीयकरण के बाद देश के कोने-कोने में शाखाएं खुल गई हैं, बैंकों की कुल जमा राशियां 212 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। बैंको में आम आदमी की बचत सुरक्षित है।

आर्यिका संघ की गाजे-बाजे के बीच हुई भव्य अगवानी

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

देवशयनी एकादशी के बाद पूर्णिमा से साधु-संतों व साध्वियों का चातुर्मास भी शुरू होगा। ऐसे में दिगंबर जैन मंदिरों में भी चातुर्मास की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के चौक जिनालय में आर्यिका गुरुमति माताजी और आर्यिका दृढ़मति माताजी समेत आर्यिका संघ की शुक्रवार को कीर्ति स्तंभ कमला पार्क पर अगवानी हुई और शोभायात्रा निकाली गई। अगवानी में सभी मंदिर, कमेटी, महिला मंडल, युवा मंडल अलग-अलग ड्रेस कोड में शामिल हुए। पुरुष सफेद और महिलाएं पीले परिधानों में शामिल हुईं। इसमें धर्म ध्वजा, घोड़े, बग्गियां भी शामिल थीं, वहीं शहनाई वादक, मंगल वाद्य बजाते कलाकार शामिल हुए। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा मौजूद थे।

बालिकाएं झांझर बजाती चल रहीं थीं : वीर विद्या संघ की बालिकाएं झांझर बजाती चल रही थीं। ज्ञान विद्या घोष के बालकों द्वारा दिव्य घोष के साथ जयकारा गुंजायमान कर अगवानी की गई। आर्यिका संघ कमला पार्क से पीरगेट, लखेरापुरा होता हुआ सुभाष चौक पंहुचा। वहां रैंप बनाया था। जिस पर माताजी की सभी भक्तों ने चरण वंदना की।

हमें मान छोड़ना पड़ेगा- माताजी : आर्यिका दृढ़ मति माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में मान की अधिकता होती है, हमें मान छोड़ना पड़ेगा, जब ही हम मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। आर्यिका संघ का पद विहार जवाहर चोक से शुरू हुआ। इसके पूर्व माताजी के सानिध्य में मंदिर में भक्तों ने श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा पूजन आदि कार्य किए।

महर्षि महेश योगी संस्थान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज से

भोपाल। पूरे विश्व सहित लगभग 300 शहरों में संचालित महर्षि संस्थानों, विद्यालयों और आश्रमों में त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव शनिवार से मनाया जाएगा।

राजधानी के नर्मदापुरम मार्ग पर स्थित महर्षि मंगलम भवन में शनिवार को दोपहर भजनामृत की प्रस्तुति कोलकाता की भजन गायिका पूर्बाशा बैनर्जी और उनके साथियों द्वारा दी जाएगी। वहीं 21 जुलाई को गुरु परंपरा पूजन और गुरु के गुणों एवं विशेषताओं का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान महर्षि शैक्षणिक संस्थान समूह प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश महर्षि संस्थानों की इस वर्ष की उपलब्धिओं और अगले वर्ष के कार्यक्रमों के बारे में बताएंगे। 22 जुलाई को महर्षि विद्यापीठ के सिद्धहस्त 121 वैदिक पंडित द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महारुद्राभिषेक यज्ञ करेंगे।

भारत स्वतंत्र तो हो गया, स्वाधीनता के लिए अब भी आंदोलन जारी : इंदापुरकर

विश्व संवाद केंद्र द्वारा देवर्षि नारद जयंती पर परिचर्चा का आयोजन

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

भारत भले ही स्वतंत्र हो गया है, लेकिन स्वाधीनता के लिए आंदोलन अब भी चल रहा है। अंग्रेजों ने कुटिलतापूर्वक शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन कर भारत को मानसिक गुलाम बना दिया। इससे उबरने का एक ही तरीका जनजागरण है। यही कार्य देवर्षि नारद करते थे। यह बात विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह एवं परिचर्चा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर ने कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दूरदर्शन के वरिष्ठ संपादक अशोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

भोपाल। विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित परिचर्चा में उपस्थित अतिथि।

नर्मदापुरम् रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में राजधानी के पत्रकार, बुद्धिजीवी, मातृशक्ति, कला एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की प्रस्तावना केंद्र के न्यासी भावेश श्रीवास्तव ने रखी। अंत में अध्यक्षता कर रहे विश्व संवाद केंद्र न्यास के अध्यक्ष लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी ने आभार माना।

हमें अकबर की वंशावली तो पढ़ाई, राम की नहीं : श्रीवास्तव

इस अवसर पर डीडी न्यूज नई दिल्ली के संपादक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि हमें बचपन से पाठ्यक्रम में अकबर की वंशावली पढ़ाई गई, किंतु राम की नहीं। यह योजना पूर्वक किया गया। इस प्रकार भारत की सांस्कृतिक विरासत को खत्म किया गया।

---

equitas Small Finance Bank

इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
(पहले इक्विटास फाइनेंस के नाम से जाना जाता था
पंजीकृत कार्यालय: नं. 769, स्पेंसर प्लाजा, चौथी मंजिल, फेज-II, अन्ना सलाई, चेन्नई, टीएन - 600 002
044-42995000, 044-42995050

मांग नोटिस
SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/ओं ने इक्विटास हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (EHFL) I इक्विटास फाइनेंस लिमिटेड (EFL)/इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ESFB) से ऋण लिया है। उक्त उधारकर्ता/ओं ने किश्तों का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को RBI द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता/ओं द्वारा देय सुरक्षित अचल संपत्ति/संबंधों, ऋण और बकाया राशि का विवरण नीचे दिया गया है। उधारकर्ता(ओं) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, सुरक्षित ऋणदाता ने SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है और उक्त संपत्ति से निपटने के लिए नहीं कहा है। इस नोटिस के 60 (साठ) दिनों के भीतर उनके नाम के सामने दर्शाई गई बकाया राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे, जिसमें संपत्ति/संपत्तियों पर कब्जा करने और उन्हें बेचने की शक्ति भी शामिल है।

उधारकर्ता/गारंटर का नाम (शाखा का नाम)	डिमांड नोटिस तारीख और राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
शाखा: आनंद नगर एल. नं.: SEANDNR0372652 उधारकर्ता: श्री प्रहलाद सोरखे सह-उधारकर्ता: श्रीमती संजुलता सोरखे	25-06-2024 & Rs. 5,03,163/-	जमीन और भवन का वह सारा टुकड़ा, एक आवासीय भूखंड संख्या बी-22, खसरा संख्या 150/1, 150/2, 151/1/2, 155, 157/1, 157/2, 172, 173/1, 173/2, 174, 175, 176, 178, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190/1, 190/2, 191, 192, 193, 194, 195/1, 195/2 का हिस्सा कैपिटल ग्रीन्स, वार्ड क्रमांक 85, गांव पिपलिया, कुंजनगढ़, पटवारी हल्का क्रमांक पर स्थित है। 25, नगर निगम भोपाल की नगरपालिका सीमा के भीतर, मुख्य सड़क के अंदर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल मध्य प्रदेश, 990 वर्ग फीट में फैला हुआ, जिसका स्वामित्व प्रहलाद के पास है, पूर्व में:- प्लॉट नंबर बी-15, पश्चिम में:- कॉलोनी रोड, उत्तर में:- प्लॉट नंबर बी-21, दक्षिण में:- प्लॉट नंबर बी-23, भोपाल के उप-पंजीयक कार्यालय और पंजीयन जिले के उप-पंजीयन जिले के भीतर स्थित है। साथ में सभी इमारतें और संरचनाएँ जो धरती से जुड़ी हैं या धरती से जुड़ी किसी भी चीज़ से स्थायी रूप से जुड़ी हुई हैं, वर्तमान और भविष्य दोनों और उनसे जुड़े सभी सुखभोगी/ममूल अधिकार।
ब्रांच : पिपरिया L No.:SEPPRYA0273526 उधारकर्ता : श्रीमती कबिता बाई सह-उधारकर्ता : 1. श्री ब्रजेश कुमार 2. श्रीमती विमा नामदेव 3. श्री मदन लाल नामदेव	25-06-2024 Rs. 1,66,930/-	भूमि और भवन का वह पूरा टुकड़ा, राजस्व सर्वेक्षण क्रमांक 103 का हिस्सा, पटवारी हल्का क्रमांक 13, ग्राम राजोला, राजोला तहसील पिपरिया, जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश की ग्राम पंचायत सीमा में 2400 वर्ग फुट का क्षेत्रफल, जिसका स्वामित्व विमला बाई के पास है। पूर्व में:- सड़क, पश्चिम में:- शेष क्षेत्र, उत्तर में:- विजय सिंह, दक्षिण में:- सड़क, उप-पंजीयक कार्यालय के उप-पंजीयन जिले और नर्मदापुरम के पंजीकरण जिले के भीतर स्थित है। साथ में धरती से जुड़ी हुई या धरती से जुड़ी किसी भी चीज़ से स्थायी रूप से जुड़ी हुई सभी इमारतें और संरचना, वर्तमान और भविष्य दोनों और उनसे जुड़े सभी सुखभोगी/ममूल अधिकार।
शाखा : आनंद नगर एल नं. : SEANDNR0214923 उधारकर्ता : श्री नरेंद्र राव सह-उधारकर्ता : 1. श्री प्रेमनारायण शिमला बाई	25-06-2024 Rs. 1,05,937/-	भूमि और भवन का वह पूरा टुकड़ा, खसरा नं. 117, पटवारी हल्का नं. 16, ग्राम चोपड़ा कलां, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश, जिसका क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट है और जो प्रेमनारायण का है। पूर्व में: नरेंद्र का घर, पश्चिम में: हेमराज का घर, उत्तर में: सड़क, दक्षिण में: भैयालाल का घर, जो भोपाल के उप-पंजीयक कार्यालय और पंजीयन जिले के उप-पंजीयन जिले में स्थित है। साथ में सभी इमारतें और संरचनाएं जो धरती से जुड़ी हैं या धरती से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़ी हुई हैं, वर्तमान और भविष्य दोनों और उनसे जुड़े सभी सुखभोगी/ममूल अधिकार।

स्थान : भोपाल दिनांक : 20.07.2024

प्राधिकृत अधिकारी, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग,
निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 04/2024/ निविदा/ सा / मु.अ.भ./

भोपाल दिनांक 10.07.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स क्र.	पोर्टल टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2024_PWPIU_356985_1	ग्राम प्रभातपट्टन जिला बैतूल मे 06 ट्रेड आई.टी. आई. भवन, 60 सीटर बालक/बालिका छात्रावास, 01 नग एफ टाईप आवासगृह, 02 नग एच टाईप ट्विन कंफ्रिगेशन, 04 नग आई टाईप मल्टीस्टोरी ट्विन कंफ्रिगेशन का निर्माण कार्य।	बैतूल	1152.20	1000000	30000	18 माह वर्षाकाल सहित
2	2024_PWPIU_357191_1	हमीदिया अस्पताल परिसर भोपाल में जी आई. मेटल फाल्स सीलिंग लगाने का कार्य।	भोपाल	296.60	296600	15000	06 माह वर्षाकाल सहित
3	2024_PWPIU_357374_1	सबजेल गंजबासौदा में 40 बंदियों हेतु दो मंजिला नवीन बैरक का निर्माण कार्य।	विदिशा	119.61	119610	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 10.07.2024 समय 10.30 से दिनांक 25.07.2024 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल

जी-13661/24

---

kotak **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.**
ई- नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना
पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी27, जी ब्लाक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा(ई), मुम्बई-400 051(महा.)
कार्पोरेट कार्यालय: कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं. 21, इनफिनिटी पार्क, डब्ल्यू.ई. हाइवे, गोरेगांव, मुम्बई-400 097 (महा.)
शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय: कोटर महिन्द्रा बैंक लि., मान्या इम्पीरियल चौथी मंजिल आईएसबीटी के पास भोपाल 462026 (एमपी)

एतद् द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी/सह-उधारकर्ता/गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गया है। जिसे **''जैसा है जहां है''**, **''जैसा है जो है''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जाएगा,अचल संपत्ति की बिक्री के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार, मे. सी1 इंडिया प्रायवेट लिमिटेड यानि www.c1india.com के वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाईन जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

ऋणकर्ता(ओ) /ग्यारंट(रो)/ मार्टगेजर (रो) का नाम	मांग पत्र दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण	आरक्षित मूल्य	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
ऋण खाता संख्या RHB742067 (CRN No. 187051524) और RHB753159(CRN संख्या 212000297) श्री हरबेंद्र सिंह रावत 60-बी, सेक्टर इंद्रपुरी, जुबली गेट के सामने, भेल भोपाल 462002 ...उधारकर्ता श्रीमती मीनल रावत 60-बी, सेक्टर इंद्रपुरी, जुबली गेट के सामने, भेल भोपाल 462002 ...सह-उधारकर्ता	डिमांड नोटिस दिनांक 24 जुलाई 2019, ऋण खाता संख्या आरएचबी 753159 और सीआरएन संख्या 212000297 के तहत 24-07-2019 तक रु. 68,10,825.36/- (रुपये अड़सठ लाख दस हजार आठ सौ पच्चीस और छत्तीस पैसे मात्र) ऋण खाता संख्या आरएचबी 753159 और सीआरएन संख्या 212000297 के तहत 24-07-2019 तक रु. 22,06,740.41- (रुपये बाईस लाख छह हजार सात सौ चालीस और इकतालिस पैसे मात्र)	अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा, मकान नंबर 63, जिसमें 1314 वर्ग फीट का प्लॉट एरिया शामिल है। आर.एस. नंबर 3 और 5, एस्टेरिया, ग्राम पिपलिया केशो पी.एच. नंबर 28, द, हुजूर जिला भोपाल (एम.पी) में स्थित हैं - संपत्ति -1 अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा, मकान नंबर 64, जिसमें 2348 वर्ग फीट का प्लॉट एरिया शामिल है। आर.एस. नंबर 3 और 5, एस्टेरिया, ग्राम पिपलिया केशो पी.एच. नंबर 28, द, हुजूर जिला भोपाल (एम.पी) में स्थित हैं - संपत्ति -2 अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा, मकान नंबर 65, जिसमें 2348 वर्ग फीट का प्लॉट एरिया शामिल है। आर.एस. नंबर 3 और 5, एस्टेरिया, ग्राम ऐपलिया केशो पी.एच. नंबर 28, द, हुजूर जिला भोपाल(म.प्र)- संपत्ति -3	संपत्ति -1 के लिए 43,63,000/- (रुपये तैंतालीस लाख तिरेसठ हजार मात्र) संपत्ति -2 के लिए 47,35,000/- (रुपये सैंतालीस लाख पैंतीस हजार मात्र) संपत्ति -3 के लिए 39,99,700/- (रुपये उन्तालीस लाख निन्यानबे हजार सात सौ मात्र) **बयाना राशि जमा (ईएमडी)** रु. 4,36,300/- (रुपये चार लाख छत्तीस हजार तीन सौ मात्र) संपत्ति-1 के लिए रु. 4,73,500/- (रुपये चार लाख तिहत्तर हजार पांच सौ मात्र) संपत्ति- 2 के लिए रु. 3,99,970/- (रुपये तीन लाख निन्यानबे हजार नौ सौ सत्तर मात्र) संपत्ति- 3 के लिए	08/08/2024 11:00 बजे - 12:00 बजे **नीलामी की तिथि/समय** 27/08/2024 11:00 बजे - 12:00 बजे

बोली वृद्धि राशि 50,000/- प्रस्ताव / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: - 26/08/2024 शाम 5.00 बजे तक

बिक्री के महत्वपूर्ण नियम और शर्तें :

(1) नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, **मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड** की वेबसाइट देख सकते हैं यानी **https://www.bankeauctions.com** ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण और बोली प्रपत्र जो आनलाईन जमा किया जाएगा।
(2) सभी इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** में अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड मुफ्त में जेनरेट करना होगा। पूर्वोक्त तिथि और समय पर ;
(3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार **मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से श्री मिथलेश कुमार मोबाइल नंबर:** 70808 04466 और **ई-मेल आईडी:** mpcg@c1india.com और **support@bankeauctions.com** से संपर्क कर सकते है।
(4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदाता ऊपर वर्णित या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय पर संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते है और उन्हें ई-नीलामी पर अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकार पर भार, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे **केएमबीएल** को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (**https://www.bankeauctions.com**) पर ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण जमा/अपलोड करना होगा। इन्दौर में देय 'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पते के प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ जैसा की ऊपर निर्दिष्ट किया गया है।
(5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नही होगा।

सरफेसी अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) **और** 9 (1) के तहत ऋणी/बंधक/गारंटर को एतद्वारा **30 दिनों** का वैधानिक नोटिस दिया जाता है। ताकि देयता का पूर्ण निवर्हन किया जा सके और भुगतान किया जा सके। इस नोटिस की तारीख से तीस दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और व्यय के साथ ऊपर उल्लिखित देय राशि का भुगतान करें और ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति को ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा। अंग्रेजी और वर्नाक्यूलर समाचार पत्र में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति होने की स्थिति में , तो ऐसे मामले में अंग्रेजी समाचार पत्र स्थानीय समाचार पत्र का स्थान लेगा और इसे अंतिम प्रति के रूप में माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता को दूर किया जाएगा। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बैंक को देय राशि का भुगतान बिक्री की तारीख से पहले पूरी तरह से कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए हमारे अधिकृत अधिकारी **श्री प्रशांत सातपुते @9724433999 और श्री अशोक मोटवानी @** 9873737351 पर बैंक के उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें।

विशेष निर्देश :- ई-नीलामी हमारे सेवा प्रदाता **मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड** द्वारा संचालित की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) की ओर से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/अपनी बोली के स्थान से उद्धृत करना होगा। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोली लगाने वालों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से जो भी हो) की पूरी जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी और न तो केएमबीएल और न ही **सी1 इंडिया प्राइवेट I लिमिटेड** इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जो भी आवश्यक हों, करें ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और फिर भी ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। तथापि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 20.07.2024

हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी), कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड